राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम / जनसंचार

पाठ-4 : विकास संचार

कार्यपत्रक - 4

1. विकास के लिए उपयोग किए जाने वाले संचार को विकास संचार कहते हैं। विकास संचार शब्द की व्याख्या अपने शब्दों में उपयुक्त उदाहरणों के साथ करें।

2. विकास एक वृहद्द और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। अपने दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले विकास के मूल क्षेत्रों के तीन उदाहरण लिखें।

3. विकास संचारक की भूमिका को इसकी प्रक्रिया और पेशेवर तकनीकों की दृष्टि पर विचार करके समझाइए।

4. आपने किसी विकास अभियान में भाग अवश्य लिया होगा। स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक विकास अभियान तैयार करें।

5. स्थानीय गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) आपके क्षेत्र में विकास के बारे में सुसंगत जानकारियाँ प्रदान करते हैं। विकास के लिए सुसंगत जानकारी प्राप्त करने के लिए किन्ही पांच स्रोतों का उल्लेख करें।

6. विकास अभियान का समाज पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। किन्ही दो विकास अभियान का उल्लेख करें जिनमें कि आपने भाग लिया हो।

7. ‘मनुष्यों द्वारा अपनी भावनाओं और अनुभवों को व्यक्त करने के लिए संचार आवश्यक है'. व्याख्या करें।

8. एक संदेश को प्रभावी तरीके से संप्रेषित करना विकास संचारक के लिए चिंता का विषय रहता है। विकास संचारकों द्वारा प्रयुक्त एक महत्वपूर्ण पद्धति बताइए।

9. माध्यम के विभिन्न रूपों का जनमानस पर अपना अलग ही प्रभाव पड़ता है। विकास संचार के लिए कौन सा माध्यम सर्वाधिक प्रभावी होता है और क्यों?

10. सैटेलाइट इंस्ट्रक्शनल टेलीविज़न एक्सपेरिमेंट (SITE) के प्रभाव को लिखें और इसी प्रकार मुद्रित माध्यम में प्रयुक्त हो रहे किसी एक उदाहरण का उल्लेख करें ।